एक नजर में

कथित 'लव जिहाद' मामलों को लेकर विहिप-बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

रामपुरा। मंदसौर-नीमच जिले में महिलाओं एवं युवतियों को कथित रूप से नाम और पहचान छिपाकर बहला-फुसलाकर ले जाने, विवाह के नाम पर धोखाधड़ी तथा धर्म परिवर्तन के दबाव जैसी शिकायतों को लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने चिंता जताई है। इसी को लेकर संगठन के कार्यकर्ताओं ने रामपुरा थाना परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ किया और थाना प्रभारी नीलेश सोलंकी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन ने मांग की कि महिलाओं एवं युवतियों से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही मध्यप्रदेश में लागू संबंधित कानूनों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने, निर्दोष लोगों के उत्पीड़न से बचने तथा महिलाओं एवं युवाओं को साइबर सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाने की मांग रखी गई। संगठन ने गंभीर अपराधों में सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और ऐसे मामलों की रोकथाम के लिए पुलिस-प्रशासन को प्रभावी एवं निरंतर कदम उठाने चाहिए। इस अवसर पर विहिप जिला सह मंत्री विनोद माली, राधे बजरंगी, प्रखंड सह मंत्री प्रवीण मजावदिया, प्रखंड संयोजक पंकज पोरवाल, पवन राठौड़, राकेश कलोसिया, दिनेश तलवाडिया, बंटी कोठारी सहित संगठन के कार्यकर्ता एवं दुर्गा वाहिनी की मातृशक्ति उपस्थित रही।

कलेक्टर ने लिया योजनाओं का जमीनी जायजा, हितग्राहियों से किया सीधा संवाद

नीमच। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को ग्राम जीरन, फोफलिया एवं हरवार का निरीक्षण कर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं हितग्राहीमूलक गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और हितग्राहियों से सीधे संवाद किया। कलेक्टर श्री चंद्रा ने जीरन स्थित शासकीय अनुसूचित जाति छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास में विद्यार्थियों के रहने, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीरन की कक्षा 9वीं की छात्रा अलीशा पिता राकेश से पढ़ाई एवं छात्रावास में रहने की सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षिका सरोज बाला गहलोत से छात्रावास की व्यवस्थाओं तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की जानकारी भी ली। इसके उपरांत कलेक्टर ने ग्राम फोफलिया में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना वर्ष 2025-26 से लाभान्वित हितग्राही शेर खां द्वारा निर्मित डकवेल रिचार्ज पिट का निरीक्षण किया। हितग्राही ने बताया कि डग वेल का निर्माण करने के बाद कुएं में पानी का जलस्तर बढ़ा है।इससे वर्षा जल का संरक्षण एवं भूजल पुनर्भरण होने से उन्हें बारिश के साथ-साथ गर्मी के मौसम में भी पानी की समस्या नहीं हुई।कलेक्टर ने इस पहल को जल संरक्षण की दृष्टि से उपयोगी बताते हुए हितग्राही से इसके लाभ की जानकारी ली।

सावन माह के पावन अवसर पर आज भव्य भजन संध्या

नीमच। राजीव नगर स्थित बगीचे वाले बालाजी मंदिर परिसर पर शनिवार 15 अगस्त 2026 को रात्री 8.30 बजे से आज राजेश शर्मा एण्ड पार्टी और श्री रामदुत रामायण मण्डल की भव्य भजन संध्या का आयोजन बगीचे बालाजी समिति द्वारा के द्वारा किया जायेगा। जिसमें मुख्य रूप से प्रख्यात सुप्रसिद्ध भजन गायक राजेश शर्मा एवं हरदेव साल्वी अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही मण्डल के अन्य साथी कलाकार भी अपने भजन प्रस्तुत करेंगे।

कलेक्टर ने फोफलिया में पोल्ट्री फार्म का किया निरीक्षण

स्व-सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर, पोल्ट्री व्यवसाय से परिवार की आय में हुआ इजाफा

नीमच।जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जीरन तहसील के ग्राम फोफलिया में स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा संचालित पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण किया। उन्होंने एनआरएलएम से लाभान्वित उजाला स्व-सहायता समूह की कृषिसखी निशार बी एवं रुकसाना बी के फार्म हाउस पहुंचकर पोल्ट्री व्यवसाय की जानकारी ली और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने महिलाओं से उनके व्यवसाय, निवेश, ऋण, आय तथा इससे परिवार के जीवन में आए बदलावों के बारे में चर्चा की। कृषिसखी निशार बी ने बताया कि उन्होंने करीब पांच वर्ष पूर्व सीएलएफ के माध्यम से 5 लाख रुपये का ऋण लिया था तथा 2 लाख रुपये स्वयं लगाए। पोल्ट्री व्यवसाय से वर्तमान में उन्हें लगभग 40 हजार रुपये प्रतिमाह की आय हो रही है।

इसी तरह रुकसाना बी ने बताया कि उजाला स्व-सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने पोल्ट्री फार्म शुरू किया। उन्होंने इस व्यवसाय के लिए 3 लाख रुपये का ऋण लिया है। वर्तमान में उनके फार्म पर करीब 1200 मुर्गी के बच्चे हैं और इससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 30 हजार रुपये की आय प्राप्त हो रही है।

कलेक्टर से चर्चा के दौरान दोनों महिलाओं ने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुड़कर पोल्ट्री व्यवसाय शुरू करने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। नियमित आय का साधन मिलने से वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं और परिवार की जरूरतों को पूरा करने में स्वयं भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। महिलाओं ने बताया कि उनकी आय बढ़ने से बच्चों की शिक्षा पर भी बेहतर तरीके से ध्यान दे पा रही हैं। बच्चों की पढ़ाई, परिवार की आवश्यकताओं और भविष्य की योजनाओं में अब वे स्वयं आर्थिक रूप से भागीदारी निभा रही हैं।

अवैध खनिज परिवहन पर कलेक्टर की सख्ती

नीमच। जिले में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत दो प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन मालिक पर 57 हजार रूपये से अधिक की शास्ति अधिरोपित की है। कार्रवाई जिला खनिज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई।

जिला खनिज अधिकारी के अनुसार 7 अगस्त 2026 को तहसील जावद के ग्राम कानका में जांच के दौरान ट्रैक्टर क्रमांक *MPyyAB*0424 से खण?डा पत्थर का अवैध परिवहन किया जाना पाया गया। प्रकरण में वाहन मालिक मोहनी पति नगजीराम किर, निवासी चेनपुरा खदान, तहसील नीमच के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। प्रकरण में रॉयल्टी की 15 गुना राशि 3 हजार 600 रुपये तथा 25 हजार रुपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति सहित कुल 28 हजार 600 रुपये की शास्ति अधिरोपित की गई है।इसी प्रकार 7 अगस?त 2026 को तहसील मनासा में जांच के दौरान ट्रेक्टर क्रमांक *MPvyZBy*203 से रेत का अवैध परिवहन किया जाना पाया गया।

गांधी भवन में हर्षोल्लाह से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

नीमच। देश के 79 वें स्वतंत्रता दिवस की वर्षगाँठ के पावन अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन, नीमच में आजादी का यह महापर्व पूर्ण हर्षोल्लास, भव्यता और गरिमामय माहौल में मनाया जाएगा। मुख्य समारोह में जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री तरुण बाहेती द्वारा शनिवार प्रातः 08:00 बजे ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी जाएगी, जिसके पश्चात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम की अगली कड़ी में वरिष्ठ जन सम्मान किया जाएगा साथ ही पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष श्री ब्रजेश सक्सेना द्वारा जनसुविधा हेतु गांधी भवन को प्रदत्त वाटर कूलर का लोकार्पण भी किया जाएगा।

डेयरी व्यवसाय से पशुपालक को प्रतिमाह करीब एक लाख रुपये की आय

नीमच. हरवार में कलेक्टर चंद्रा ने पशुपालक अमर सिंह नावले के डेयरी फार्म का निरीक्षण किया। पशुपालक ने बताया कि उन्होंने पशुपालन विभाग की योजना के माध्यम से 2.50 लाख रुपये का ऋण लेकर डेयरी व्यवसाय शुरू किया है। वर्तमान में उनके पास 18 मुर्रा नस्ल की भैंसें एवं एक गाय है। इनसे प्रतिदिन लगभग 80 से 90 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है, जिससे उन्हें प्रतिमाह करीब एक लाख रुपये की आय प्राप्त हो रही है।पशुपालक ने बताया कि डेयरी व्यवसाय से उन्हें लगातार लाभ मिल रहा है और पशुपालन उनके लिए आय का स्थायी एवं लाभकारी साधन बन गया है। कलेक्टर ने डेयरी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर पशुपालन से होने वाले लाभ एवं गतिविधियों की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एसडीएम पराग जैन, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग मनोज लिथोरिया,उप संचालक पशुपालन विभाग ए.आर.धाकड़ संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मैदान बचाओ अभियान को मिला शहर का भरपूर समर्थन

नीमच। हायर सेकेंडरी स्कूल के मैदान को बचाने की मांग को लेकर मैदान बचाओ समिति द्वारा शुक्रवार को शहर के प्रमुख बाजार बरादारी से जाजू बिल्डिंग तक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान को शहरवासियों का व्यापक समर्थन मिला। समिति के अनुसार, अभियान के दौरान एक हजार से अधिक नागरिकों ने हस्ताक्षर कर मैदान के संरक्षण की मांग का समर्थन किया।

बरादारी से जाजू बिल्डिंग तक चले अभियान में दुकानदारों, व्यापारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समिति के सदस्यों ने लोगों से मैदान के महत्व और उसके संरक्षण की आवश्यकता को लेकर चर्चा की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर अपनी सहमति जताई।जनभावना को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने की तैयारी मैदान बचाओ समिति ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान आगे भी जारी रहेगा। एकत्र किए गए हस्ताक्षरों के साथ शहरवासियों की भावना को पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित संबंधित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। समिति ने जनप्रतिनिधियों तथा शासन-प्रशासन से अपील की है कि वे शहर की जनभावना को समझते हुए जनहित में मैदान के संरक्षण को लेकर उचित निर्णय लें।

भाजपा जिला कार्यालय तपोभूमि नीमच पर ध्वजारोहण आज

नीमच। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच द्वारा जिला कार्यालय तपोभूमि पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं कार्यालय मंत्री विनोद नागदा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल द्वारा प्रातः 8:40 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में भाजपा के जनप्रतिनिधि विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक दिलीप सिंह परिहार, विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ,जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष शारदाबाई धनगर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ एवं विभिन्न प्रकल्पों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिला कार्यालय से सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया है कि राष्ट्र के गौरव और तिरंगे के सम्मान के इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमामय बनाएं।

एक नजर करीब 3.20 लाख रुपये का घी-मावा एवं अन्य खाद्य सामग्री जब्त

मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई

नीमच। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश भोपाल एवं कलेक्टर नीमच के निर्देश तथा अपर कलेक्टर एवं जिला अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में मिलावटी एवं संदिग्ध खाद्य पदार्थों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई लगातार जारी है। विगत दो दिनों में टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण कर घी, मावा एवं ईसबगोल हस्क सहित अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए तथा करीब 3 लाख 19 हजार 500 रुपये मूल्य की खाद्य सामग्री जब्त की।

12 अगस्त को कार्तिक एक्सपोर्ट का निरीक्षण

एफएसएसएआई पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के निराकरण के लिए बालाजी गणेश मार्केट, स्टेशन रोड स्थित कार्तिक एक्सपोर्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

यहां विक्रय एवं पैकिंग के लिए रखे ईसबगोल हस्क, मेथी पाउडर, कलौंजी पाउडर, शॉप पाउडर एवं जीरा के कुल पांच नमूने जांच के लिए लिए गए। ईसबगोल हस्क का शेष स्टॉक, जिसकी अनुमानित कीमत 6,500 रुपये है, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत जप्त किया गया। इसी दिन शिकायत के आधार पर भरभड़िया रोड स्थित श्री मारुति नमकीन भंडार का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां मावा लड्डू विक्रय के लिए भंडारित पाए गए तथा मूंगफली के तेल से खाद्य पदार्थों का निर्माण किया जा रहा था। मावा लड्डू, मूंगफली तेल, अजवाइन एवं सौंफ के नमूने जांच के लिए लिए गए। आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।

नीमच

एक नजर में

माँ के नाम अभियान के तहत महाविद्यालय में औषधीय पौधों का रोपण

पिपलिया। पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलिया मंडी में इको क्लब के तत्वावधान में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत औषधीय पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर के बगीचे में विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधे लगाए गए तथा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और हरियाली संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया। इको क्लब के नोडल अधिकारी एवं प्रभारी प्रोफेसर राधेश्याम कटारा ने कहा कि औषधीय पौधे पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने के साथ मानव जीवन के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अपने घर और आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारी निरंतर जिम्मेदारी है। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान प्रकृति, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। कार्यक्रम में डॉ. कन्हैयालाल लोहार, राजीव सिंह चौहान, गोविंद तंवर, मनुजेंद्र, अमित धीमा एवं विजय शर्मा सहित इको क्लब के सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए महाविद्यालय परिसर में औषधीय पौधों का रोपण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने तथा औषधीय पौधों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। महाविद्यालय परिवार ने परिसर को अधिक हरा-भरा एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने और अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

पीथमपुर . हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत नगर पालिका परिषद पीथमपुर द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया . इसमें स्कूली छात्र-छात्राओं, स्वसहायता समूह की महिलाओं, शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों, नगर के गणमान्य जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया . नगर पालिका द्वारा राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में श्रृंखलाबद्ध विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं . इसमें राष्ट्रगान, चित्रकला प्रतियोगिता,क्विज और निबंध आदि प्रतियोगिताएं शामिल हैं . तिरंगा यात्रा हाउसिंग कम्युनिटी हॉल से प्रारंभ होकर जयनगर संगम गार्डन पर समाप्त हुई . यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाए गए . इस अवसर पर तहसीलदार शिवानी श्रीवास्तव ने कहा कि तिरंगा यात्रा भले एक दिन की हो, लेकिन तिरंगे के सम्मान को बनाए रखने के लिए प्रत्येक भारतीय नागरिक को प्रतिदिन प्रतिबद्ध रहना चाहिए, उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से हटकर राष्ट्र धर्म और नागरिक कर्तव्यों के बारे में भी जागरूक होना चाहिए .

रामपुरा में निराश्रित मवेशियों का आतंक : महिला गंभीर घायल

सड़क पर घूमते 'मौत के साए' से नगरवासी परेशान, जिम्मेदारी तय करने की उठी मांग

रामपुरा। तहसील मुख्यालय रामपुरा में इन दिनों निराश्रित मवेशियों और गोवंश की बढ़ती संख्या नगरवासियों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। सड़कों और प्रमुख चौराहों पर खुलेआम घूमते मवेशियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं, जाम और लोगों के घायल होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। हालात इतने चिंताजनक हैं कि अब लोग बच्चों को स्कूल और परिवार के सदस्यों को बाजार भेजने में भी डर महसूस कर रहे हैं।

13 अगस्त की रात मछुआ कॉलोनी में गंभीर हादसा-ताजा मामला 13 अगस्त की रात मछुआ कॉलोनी का बताया जा रहा है। यहां लक्ष्मीबाई पति कालूलाल भोई, उम्र 53 वर्ष, निराश्रित मवेशियों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए राजस्थान के एक अन्य अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार महिला की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है और वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही हैं।

नगर परिषद ने बताई अपनी मजबूरी

नगर परिषद का कहना है कि परिषद द्वारा समय-समय पर निराश्रित मवेशियों को पकड़कर जंगल क्षेत्र में छोड़ा जाता है। लेकिन रामपुरा जिले के अंतिम छोर पर स्थित होने के कारण आसपास के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से लोग रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अपने मवेशियों को नगर सीमा में छोड़ जाते हैं। इससे समस्या बार-बार जस की तस बनी रहती है।

सड़कों पर मवेशियों का कब्जा, आए दिन हो रहे हादसे

नगर में निराश्रित गोवंश का जमावड़ा आम बात हो गया है। सड़क के बीचों-बीच मवेशियों के बैठने से यातायात प्रभावित होता है। कई बार गोवंश आपस में लड़ते हुए दोपहिया और चारपहिया वाहनों को नुकसान पहुंचाते हैं। अचानक सड़क पर दौड़ने और लड़ने के कारण वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। वहीं राहगीरों और महिलाओं के घायल होने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

नगरवासियों में बढ़ रहा आक्रोश

स्थानीय लोगों का कहना है कि निराश्रित मवेशियों की समस्या अब केवल असुविधा नहीं, बल्कि लोगों की जान के लिए खतरा बन चुकी है। प्रतिदिन सड़कों पर जाम, गोवंश की लड़ाई, वाहनों को नुकसान और लोगों के घायल होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। महिला के साथ हुई गंभीर घटना के बाद नगरवासियों में भय का माहौल है।

15 अगस्त को एनएसएसजी का ध्वजारोहण एवं सम्मान समारोह

नीमच। नगर समस्या एवं सुझाव ग्रुप (एनएसएसजी) द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को प्रातः 11 बजे एनएसएसजी ग्रीन बेल्ट गार्डन, मारुतिनंदन बालाजी मंदिर के सामने, ग्वालटोली मेन रोड, नीमच पर ध्वजारोहण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. यशवंत पाटीदार (आर्थोपेडिक सर्जन) होंगे। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. श्वेता गर्ग (शिशु रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. रविन्द्र पाटीदार (एमडी) उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. अशोक जैन, तृप्ति मनोज दुआ, अशफाक अहमद, प्रखर डॉ. रंजना दीपक सिंघल, प्रकाश गोयल-विजय समदानी एवं प्रवीण आर्य का सम्मान किया जाएगा।

तिरंगा सजावट एवं मानव श्रृंखला बनाकर विद्यार्थियों ने दिया देशभक्ति का संदेश

नीमच भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय, भरभडिया में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक तिरंगा सजावट गतिविधि एवं मानव श्रृंखला आयोजित की गई। दोनों शिक्षिकाओं के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने फूलों, पत्तियों एवं प्राकृतिक सामग्री का उपयोग करते हुए तिरंगे की सुंदर आकृति तैयार की। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया।

विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ गतिविधियों में सहभागिता की। तिरंगा सजावट और मानव श्रृंखला विद्यालय परिसर में आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की जानकारी भी दी गई। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में देशप्रेम, अनुशासन, एकता, सहयोग और सृजनात्मक सोच का विकास करती हैं।

एक नजर मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत सीतामऊ क्षेत्र के ग्राम खेड़ा में आयोजित हुआ

शिविर में ग्रामीणों से 650 आवेदन, 152 का मौके पर निराकरण

मंदसौर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को सीतामऊ क्षेत्र के ग्राम खेड़ा में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों से 650 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 152 का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए सात दिवस की समय-सीमा निर्धारित की गई।

शिविर से पूर्व अधिकारियों ने सीतामऊ सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं का मौके पर निराकरण किया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, विधायक हरदीप सिंह डंग, कलेक्टर दिव्यांक सिंह, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन, एसडीएम शिवानी गर्ग सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

विधायक हरदीप सिंह डंग ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार जिले में एक स्थान पर शिविर लगाकर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। ग्रामीण इन शिविरों का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं।

कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। अभियान के तहत अधिकारी-कर्मचारी गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

किसानों ने साझा किए खेती के अनुभव

शिविर में उद्यम संवाद भी हुआ। गोपालपुरा के किसान गुणवंत पाटीदार ने बताया कि उन्होंने करीब 100 बीघा में अमरूद की खेती की है। वर्तमान में अमरूद करीब 80 रुपए किलो बिक रहा है। डांगीखेड़ी के किसान राहुल पाटीदार ने औषधीय फसलों, अमरूद और चिरायता की खेती की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चिरायता की खेती से गत वर्ष करीब 25 लाख रुपए की शुद्ध आय हुई। मोबाइल ऐप के उपयोग से खेती की लागत में करीब 25 प्रतिशत कमी आने की बात भी उन्होंने बताई।